10 दिनो के भीतर टैक्स जमा नहीं करने वाले बकायेदारों के नाम होंगे सार्वजनिक

भिलाई (चिन्तक)। ऐसे बकायेदार जिन्होंने पूर्व से लेकर पिछले वित्तीय वर्ष तक की संपत्तिकर जमा नहीं की है ऐसे लोगों की फेहरिस्त तैयार की जा रही है, यह बकायेदार यदि 10 दिनों के भीतर टैक्स जमा नहीं करते हैं तो इनका नाम सार्वजनिक किया जाएगा।

इसकी पूरी तैयारी निगम प्रशासन ने कर ली है। नाम सार्वजनिक करने के बाद निगम अधिनियम के तहत कुर्की जैसे सख्त कार्रवाई भी इनके विरुद्ध की जाएगी। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने राजस्व वसूली की बैठक ली। कम वसूली को लेकर आयुक्त बेहद नाराज हुए, उन्होंने स्पैरो के कार्यों पर असंतोष जाहिर किया। संपत्तिकर, समेकितकर एवं शिक्षा उपकर के वार्षिक लक्ष्य के मुताबिक केवल 52.38त्न की वसूली की गई है। निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि संपत्तिकर की वसूली में तेजी से कार्य करें, डोर टू डोर कलेक्शन शत प्रतिशत हो, बकायेदारों से संपर्क कर उन्हें लगने

कुर्की जैसी कार्रवाई की भी तैयारी

वाले अधिभार के बारे में अवगत करावे, वसूली बढ़ाने के लिए मुनादी के माध्यम से भी टैक्स देने की अपील करें, बकाया राशि वसूली पर नोटिस जारी करने की कार्रवाई समय पर हो, निर्धारित समय पर राशि जमा नहीं किए जाने की स्थिति में अधिनियम 1956 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत 173, 174 एवं 175 के तहत कुर्की की कार्यवाही करें। प्रत्येक जोन के टैक्स वसूली की उन्होंने बारी-बारी से समीक्षा की। राजस्व विभाग के अधिकारियों को स्पैरो से समन्वय बनाकर कार्य करते हुए 100त्न वसूली करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, बी एल असाटी, उपाध्याय इत्यादि मौजूद रहे। उपायुक्त एवं संपत्तिकर के अधिकारी सुनील अग्रहरि एवं एनआर रत्नेश को आयुक्त ने राजस्व वसूली को लेकर नियमित रूप से प्रतिदिन मानिटरिंग करने के निर्देश दिए है।

संपत्तिकर की आईडी कोड जनरेट करने पर करें फोकस निगमायुक्त के संज्ञान में आया कि राजस्व करो के भुगतान हेतु जिन्होंने संपत्तिकर की आईडी कोड जनरेट नहीं कराया है, उनके लिए डोर टू डोर वसूली के माध्यम से जाने वाले स्पैरो के कर्मचारी आईडी कोड जनरेट कराने में पूरी तरीके से सहायता करेंगे। इस बाबत निगमायुक्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया है।

स्वविवरणी की होगी जांच निगमायुक्त ने करदाता द्वारा दी जाने वाली स्वविवरणी में से 10त्न स्वविवरणी की नियमित रूप से सहायक राजस्व अधिकारी को जांच करने और जांच उपरांत संपूर्ण कार्यवाही जोन स्तर पर नियमानुसार किए जाने के निर्देश दिए है। गलत स्वविवरणी देने वाले करदाताओं पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

प्लांट स्थापना के लिए रूपए बांटते कंपनी का एजेंट पकड़ाया

विरोध में किसानो ने खोला मोर्चा 0 वीडियो सोशल मीडिया में हो रहा वायरल

बेमेतरा (चिन्तक)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरिया में स्पंज आयरन प्लांट स्थापना के लिए समर्थन जुटाने कंपनी के एजेंट द्वारा ग्रामीणो को आर्थिक प्रलोभन दिए जाने के आरोप लग रहे हैं।

ग्राम आनंदगांव में ग्रामीण को पैसा बांटने के दौरान सभापति जिला पंचायत राहुल टिकरिया ने कंपनी के एजेंट को पकड़ा। जहां उसके द्वारा 100-100 रूपए देकर गांव में अस्पताल खोलने व ग्रामीणों को रोजगार देने को लेकर प्लांट स्थापना का समर्थन करने के लिए सहमति पत्र में हस्ताक्षर लिए जा रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीणों द्वारा पुरजोर विरोध करने के कारण एजेंट ने गलत तरीके से ग्रामीणो को प्रलोभन देकर हस्ताक्षर कराने के बाद कबूली। उल्लेखनीय है कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के गांवो में प्रदूषण वाले औद्योगिक इकाइयों को स्थापना को लेकर क्षेत्र के किसान लामबंद हो गए हैं।

बोरिया मे प्लांट स्थापना के लिए समर्थन जुटाने गांव गांव घूम रहे कंपनी के एजेंट क्षेत्र के हर किसान अपने गांव और आसपास में प्रदूषण वाले प्लांट की स्थापना नही होने देना चाहता। सारदा में संबंधित कंपनी के एजेंट काफी प्रयास के बाद भी प्लांट स्थापना के लिए समर्थन जुटाने में नाकाम रहा। यहां कंपनी के एजेंट द्वारा ग्रामीणो को आर्थिक प्रलोभन दिया गया. बावजूद ग्रामीण उनके झांसे में नही आए और प्लांट की स्थापना का पुरजोर विरोध किया। इसी प्रकार बोरिया में स्पंज आयरन प्लाट स्थापना के लिए जनसुनवाई के पूर्व गांव गांव में समर्थन जुटाने कंपनी के एजेंट ग्रामीणो को 100-100 रूपए देकर समर्थन पत्र में जानकारी दिए बिना हस्ताक्षर करवाने के साथ आधार नंबर दर्ज कर रहे हैं। लेकिन इस दौरान गांव के जागरूक युवकों ने एजेंट द्वारा ग्रामीणो का हस्ताक्षर कराए जा रहे सहमति पत्र को लेकर पढ़ा।

शराब दुकानों के पास अनियंत्रित भीड़ पर काबू पाने कार्रवाई

रायपुर (चिन्तक)। शराब दुकानों के आसपास बढ़ते भीड़ को देखते हुए आबकारी विभाग ने कार्रवाई शुरु कर दिया है। आबकारी विभाग द्वारा कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए यह कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार आबकारी मंत्री कवासी लखमा के निर्देश के बाद आबकारी विभाग के सचिव एवं आबकारी आयुक्त निरंजन दास ने शराब विक्रय केन्द्रों के आसपास एकत्रित होने वाली भीड़ को कम करने के लिए चखना दुकानों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं। आबकारी विभाग द्वारा रायपुर जिले के

मामला

अवैध रूप से चखना सेंटर चलाने का

अधिकारियों की टीम गठित कर मदिरा विक्रय केन्द्रों के आसपास लगने वाले चखना दुकानों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई। इनमें देशी विदेशी मदिरा तेलीबांधा देशी विदेशी मदिरा दुकान मोवा, विदेशी मदिरा दुकान शंकर नगर, विदेशी मदिरा पंडरी देशी विदेशी मदिरा दुकान सडडू, देशी विदेशी मदिरा मंदिर हसौद, देशी मदिरा दुकान लाभाण्डी, राजेन्द्र नगर, विदेशी मदिरा दुकान भाठागाव, देशी-विदेशी मदिरा दुकान फाफाडीह, विदेशी मदिरा दुकान मोटर स्टैण्ड, देशी विदेशी मदिरा दुकान नेवरा, देशी मदिरा दुकान टण्डवा देशी-विदेशी मदिरा दुकान खरोरा, विदेशी मदिरा दुकान खमतराई, विदेशी मदिरा दुकान गोगांव, देशी विदेशी मदिरा दुकान मोहबाबाजार विदेशी मदिरा दुकान सरोनामार्ग, देशी मदिरा दुकान टाटीबंध विदेशी मदिरा दुकान टाटीबंध, विदेशी मदिरा दुकान लाखेनगर, विदेशी मदिरा दुकान कोटा, विदेशी मदिरा दुकान हीरापुर की दुकानों के आसपास संचालित चखना सेंटर्स, ठेला, गुमटी पर कार्यवाही कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर (चिन्तक)। जिले के कोड़ेनार थाना क्षेत्र के ग्राम सुरगुड़ा पटेलपारा निवासी कोटवार ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी, पुलिस ने हत्या आरोपी कोटवार को गिरफ्तार कर कोड़ेनार थाना में कार्यवाही के उपरांत आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जेल दाखिल कर दिया गया।

एसडीओपी केशलूर ऐश्वर्य चंद्राकर ने बताया कि हत्या के आरोपी कोटवार हादो कश्यप उम्र 52 वर्ष 04 जनवरी की रात्रि में अपनी पत्नी मद्दों कश्यप उम्र 46 वर्ष ने आपसी विवाद से नाराज पति ने पास में रखे कुल्हाड़ी से पत्नी के माथे में दे मारा, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस सुबह मौके पर पंहुचकर हत्या का आरोपी कोटवार को गिरफ्तार कर लिया।

6 जिलों के कलेक्टर, विपणन अधिकारियों और उप पंजीयकों को नोटिस

मामला

बारिश में 38 हजार टन धान भीगने का

रायपुर (चिन्तक)। पिछले दिनों हुई बरसात में छह जिलों में 38 हजार मीट्रिक टन धान भीग गया है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद मंत्रिमंडलीय उप समिति ने 6 जिलों के कलेक्टर, मार्कफेड के जिला विपणन अधिकारियों और सहकारी समितियों के उप पंजीयक को नोटिस जारी करने का फैसला किया है। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने इसे लापरवाही का मामला बताया है।

मंत्री मंडलीय उप समिति की

बैठक में बरसात की वजह से धान के भीगने की रिपोर्ट देखी। अधिकारियों ने बताया, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, धमतरी, महासमुंद और रायपुर जिलों में कुल 38 हजार मीट्रिक टन धान बारिश से भीगा है। हालांकि अधिकारियों ने इससे नुकसान की बात स्वीकार नहीं की। उनका कहना था धान भीगने के बाद बारदानों को पलटकर सुखाया गया था। धान को सुखाकर इसकी मिलिंग कराई जा सकती है। इस रिपोर्ट को मंत्रियों ने गंभीरता से लिया।बैठक की अध्यक्षता कर रहे खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने कहा, धान खरीदी केन्द्रों में धान को बारिश से बचाव के लिए कैप कवर, तालपत्री सहित विभिन्न इंतजाम के लिए पर्याप्त राशि सहकारी समितियों को उपलब्ध कराई गई थी। इसके बाद भी बेमौसम बारिश से धान को भीगने से बचाने में लापरवाही हुई है। उन्होंने कहा, 6 जिलों बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, धमतरी, महासमुंद और रायपुर जिलों के कलेक्टर, जिला विपणन अधिकारियों और उप पंजीयकों को नोटिस जारी करने की अनुशंसा की गई है।मंत्रियों का कहना था, मौसम विभाग ने बारिश संबंधी अलर्ट पहले से ही जारी कर दिया था। इसके साथ-साथ शासन की ओर से भी धान सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्था के लिए राशि जारी कर दी गई थी। इसके बाद भी धान को भीगने से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए गएमंत्रियों ने कहा, धान खरीदी के साथ-साथ इसकी सुरक्षा की जवाबदेही भी हमारी है।

नियमो को तोड़ने वालों पर होगी कार्यवाही-कलेक्टर

जगदलपुर (चिन्तक)। छत्तीसगढ़ के बस्तर में फिलहाल कोरोना के आंकड़े कम जरूर हैं, लेकिन लोगों की लापरवाही ज्यादा देखने को मिल रही है। संभागीय मुख्यालय जगदलपुर के सबसे बड़े संजय मार्केट सब्जी बाजार में व्यापारी बिना मास्क लगाए सब्जी बेच रहे हैं। सब्जी खरीदने आए लोग भी चेहरे पर मास्क का उपयोग नहीं कर रहे हैं। लोगों की बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है।

इधर, जगदलपुर के कलेक्टर रजत बंसल ने भी टास्क फोर्स समिति की बैठक लेकर ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। संभागीय मुख्यालय होने की वजह से जगदलपुर में अन्य जिलों के लोग और व्यापारी भी पहुंचते हैं। मार्केट में रोजाना सैकड़ों लोगों की जबरदस्त भीड़ भी देखने को मिलती है। पड़ोसी राज्य ओडिशा से नजदीक होने की वजह से वहां के लोगों की आवाजाही भी लगी रहती है। उसके बावजूद भी कोरोना को लेकर शहरवासियों की लापरवाही देखने को मिल रही है। हालांकि संजय मार्केट समिति के सदस्य बाजार आए व्यापारियों और शहरवासियों को मास्क का उपयोग करने की अपील भी कर रहे

रायपुर में कलेक्टर एसपी उतरे सड़कों पर

रायपुर (चिन्तक)। रायपुर में बुधवार रात से नाइट कर्फ्यू का नियम लागू किया जा चुका है। रात के वक्त कलेक्टर सौरभ कुमार और एसपी प्रशांत अग्रवाल अपनी टीम के साथ शहर में कर्फ्यू लागू करवाने के लिए निकले ।

करीब 20 गाड़ियों का काफिला शहर के जय स्तंभ चौक, मालवीय रोड, स्टेशन रोड जैसे प्रमुख इलाकों से होते हुए गुजरा। लगातार अफसर लोगों से घर पर रहने और रात के वक्त दुकानदारों से उनके संस्थान बंद करने की अपील कर रहे थे।

पिछले 24 घंटों में रायपुर शहर में 492 से अधिक कोविड-19 संक्रमित मिले हैं।

स्वच्छता रैली रद्द, 35 कंटेनमेंन जोन बनाया गया

शहर में 35 जगहों को कंटेनमेंट जोन बनाया गया है। मंगलवार को शहर का पॉजीटिविटी रेट 6त्न से अधिक था बुधवार रात तक इसका आंकड़ा 8.56त्न पहुंच गया। पिछले 7 दिनों में रायपुर शहर में दो लोगों की कोविड-19 जैसे मौत भी हुई है। रायपुर जिले में स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्विमिंग पूल और लाइब्रेरी को बंद कर दिया है। सभी मॉल, जिम, सिनेमाघर, ऑडिटोरियम, रेस्टोरेंट और मैरिज हॉल को क्षमता के एक तिहाई लोगों की उपस्थिति के साथ संचालित की जा सकती हैं। रेस्टोरेंट रात 11 बजे तक खुले रहेंगे।

रायपुर नगर निगम साल 2022 में स्वच्छता रैंकिंग को सुधारने के मकसद से बड़े अभियान चला रहा है। इसी के तहत रायपुर में एक बड़ी स्वच्छता रैली का आयोजन किया जा रहा था। जिसमें शहर के तमाम सामाजिक संगठन और सरकारी विभाग के सहयोग से एक बड़ा जन समूह शहर की सड़कों पर नजर आता। लेकिन कोविड के बढ़ते खतरे की वजह से इस कार्यक्रम को रद्द करने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

सिविल सर्विस मुख्य परीक्षा 7 से आयोजित

रायपुर (चिन्तक)। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा सिविल सर्विस मुख्य परीक्षा 2021 आगामी 7 से 9 जनवरी तथा 15 एवं 16 जनवरी को आयोजित की जाएगी। परीक्षा की प्रथम पाली प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक संचालित की जायेगी।

परीक्षा के सचालन के लिए निधि साहू, संयुक्त कलेक्टर को सहायक को-ऑर्डिनेटिंग सुपर वाइजर तथा के.एस.पटले, डी. पी..सी., राजीव गांधी शिक्षा मिशन जिला को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशानिर्देशानुसार सोशल डिस्टेसिंग सेनेटाईजेशन मास्क जरूरी है।

सार्वजनिक कार्यक्रमों में लगी पाबंदियां, दुकान, मॉल में एक तिहाई लोगों को अनुमति

जगदलपुर (चिन्तक)। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 28 को माइक्रो कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। इस वार्ड में एक कोरोना संक्रमित मरीज की पुष्टि हुई है। जिसके बाद प्रशासन ने इलाके को सील कर दिया है। साथ ही इस माइक्रो कंटेनमेंट जोन में कई तरह की पाबंदियां भी लगाई गई हैं। वार्ड में प्रवेश करने वाले द्वार पर बैरिकेड लगाए जा रहे हैं। साथ ही किसी भी व्यक्ति को कंटेनमेंट जोन के अंदर और बाहर जाने की इजाजत नहीं है। राज्य से जारी मीडिया बुलेटिन के अनुसार मंगलवार को संभाग के सातों जिलों से कुल 70 लोग कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। जिनमें सुकमा जिले में सबसे ज्यादा 46 केस हैं तो वहीं कोंडागांव और नारायणपुर जिले में संक्रमितों का आंकड़ा शून्य है। इधर, बीजापुर में 19, कांकेर और बस्तर में 2-2 संक्रमित मरीज मिले हैं। दंतेवाड़ा में भी केवल 1 ही व्यक्ति की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई थी। कांकेर, जगदलपुर और बीजापुर में तीसरी लहर को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी गई है। अन्य जिलों में भी जल्द ही जारी की जाएगी। महज 3 दिन पहले जगदलपुर के धरमपुरा और वृंदावन कॉलोनी में भी 2 अलग-अलग परिवार के सदस्य कोरोना संक्रमित मिले थे। जिसे देखते हुए प्रशासन ने इन दोनों इलाकों को भी माइक्रो कंटेंटमेंट जोन घोषित कर दिया था। जगदलपुर में अभी कोरोना के कुल 8 एक्टिव केस हैं। लेकिन प्रशासन किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरतना चाह रहा है।

सिंहदेव ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को लिखी चिट्ठी

रायपुर एम्स और मेडिकल कॉलेज में जीनोम सीक्वेंसिंग लैब की मांग

रायपुर (चिन्तक)। कोरोना संक्रमण की चपेट में आए छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव होम आइसोलेशन के दौरान भी सक्रिय हैं। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया को एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने रायपुर एम्स और रायपुर मेडिकल कॉलेज में जीनोम सीक्वेंसिंग लैब शुरू करने में मदद मांगी है।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने लिखा है, कोविड-19 के नए वैरिएंट एवं उसके बदलते स्वरूप वैश्विक स्तर पर गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। हमारा देश भी इससे अछूता नहीं है। देश के ज्यादातर राज्यों में कोविड के नए वैरिएंट के बढ़ते संक्रमण के समाचार लगातार सामने आ रहें हैं। चूंकि छत्तीसगढ़ कई राज्यों की सीमाओं से घिरा हुआ है, फलस्वरूप यहां कोरोना के नए मामले लगातार सामने आ रहें हैं। सिंहदेव ने



केंद्रीय मंत्री को बताया, छत्तीसगढ़ में कोरोना के वैरिएंट का पता लगाने के लिए जीनोम सीक्वेंसिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं है। हमें यहां के सैंपल भुवनेश्वर (ओडिशा) भेजकर रिपोर्ट मंगानी पड़ती है। इसमें काफी समय बाधित होता है। जांच की गति धीमी होने के कारण हमें यह भी पता नहीं चल पा रहा है कि हमारे क्षेत्र में फैलने वाला कोरोना वैरिएंट ओमिक्रॉन है, डेल्टा है अथवा कोई अन्य। इस देरी की वजह से संक्रमण की रोकथाम, जांच या इलाज इत्यादि के महत्वपूर्ण निर्णय लेने एवं रणनीतिक तैयारी करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने रायपुर एम्स में जीनोम सीक्वेंसिंग की सुविधा तत्काल प्रारंभ कराए जाने के आदेश का आग्रह किया है। बताया जा रहा है, केंद्र सरकार के इस संस्थान में जीनोम सीक्वेंसिंग की लैब लगभग तैयार है। इसको मान्यता और दूसरे संसाधनों की जरूरत है।

स्वास्थ्य मंत्री ने राजधानी रायपुर स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज में भी जीनोम सीक्वेंसिंग जांच की सुविधा शुरू कराने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से आर्थिक व तकनीकी सहयोग की अपेक्षा की है।

आंख में मिर्च डालकर लूट

रायपुर (चिन्तक)। राजेन्द्र नगर इलाके में स्पंज आयरन के मुंशी के आंख में मिर्च डालकर लूट बदमाश दो बाइक में सवार होकर काफी देर से मुंशी का पीछा कर रहे थे। बदमाशों में चार लोग शामिल थे, प्रार्थी का नाम मन्नू लाल पटेल अपने वेतन के पैसे लेकर घर जा रहा था। जैसे ही बदमाशों को मौका मिला मुंशी के आंख में मिर्च डालकर पैसों से भारा बैग लूटकर भाग निकले।

प्रार्थी मन्नू लाल पटेल अपने वेतन के पैसे लेकर घर जा रहा था। उसी दौरान ये वारदात हुई। जिसके बाद मुंशी ने इस बात की शिकायत न्यू राजेन्द्र नगर थाना में की पुलिस ने बदमाशों के खिलाफकेस दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

बीएड प्रवेश में हो रही अवैध वसूली

विरोध में एबीवीपी ने किया विरोध प्रदर्शन

राजनांदगांव (चिन्तक)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजनांदगांव इकाई ने कान्फ्रेंस कॉलेज में हो रहे अवैध फीस वसूली के खिलाफ मोर्चा खोला ज्ञात हो कि गत दिनों से बीएडमें प्रवेश प्रक्रिया चल रही है जिसमें विद्यार्थियों के प्रवेश सूची में नाम होने के बावजूद अधिक राशि की मांग की जा रही है जिस का विरोध किया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सहमंत्री चिंटू सोनकर ने बताया कि कान्फ्रेंस कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान 12 विद्यार्थियों का अंतिम सूची जारी हुआ अंतिम सूची में सभी 12 अभ्यार्थियों से उनके वैधानिक प्रवेश शुल्क के अतिरिक्त और राशि की मांग किया जा रहा था जिसमें 12 विद्यार्थियों से प्रति विद्यार्थी 158000 की मांग किया गया था जिसकी सूचना वहां के विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को दी तत्पश्चात कल मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कोर टीम कान्फ्रेंस कॉलेज के अधिकारियों से बात किए और अतिरिक्त लिए जा रहे शुल्क का विरोध किया तदुपरांत कॉलेज प्रशासन को विद्यार्थियों के मांग के सामने झुकना पड़ा और 158000 के स्थान पर जो वैधानिक रूप से शुल्क 70000 पर प्रवेश देने हेतु सहमति दी साथ ही आज एबीवीपी ने यह भी मांग रखी की यह 70000 को एक साथ ना लिया जाए इसको सेमेस्टर के अनुसार किस्तों पर लिया जाए इस पर भी बहुत विरोध और संघर्ष के बाद कॉलेज प्रशासन को यह मांग मानना पड़ा।

स्वामी, मुद्रक,प्रकाशक, सुनील गुप्ता, द्वारा वैभव पब्लिकेशन - स्टेशन रोड दुर्ग (छत्तीसगढ) 491001 से मुद्रित कर स्टेशन रोड दुर्ग (छत्तीसगढ) 491001 से प्रकाशित - संपादक-सुनील गुप्ता। E-mail-dainikchintak @ yahoo.com ,दूरभाष 4010272 मो. 9827116751